# यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे प्लास्टिक पार्क

## योजना

लखनऊ, विशेष संवाददाता। दुनिया भर में प्लास्टिक के प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश इसे पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। योगी सरकार ने राज्य में प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इनमें एक प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में निर्मित होना है।

इसके लिए यीडा के बोर्ड ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब नियोजन विभाग पार्क की रूपरेखा पर काम कर रहा है। वहां से अप्रूवल के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होगा और इंडस्ट्रीज को स्थापित करने की कार्यवाही को तेज किया जाएगा।

## पार्क में खास-खास

- प्लास्टिक पार्क में प्लास्टिक प्रोडक्ट्स की प्रॉसेसिंग, मैन्यफैक्चरिंग यूनिट्स लगाई जाएंगी
- पार्क 100 एकड़ के क्षेत्र में फैला होगा। इसमें सैकड़ों प्लास्टिक यूनिट्स स्थापित होंगी।
- 20 से अधिक निवेशकों ने पार्क में निवेश करने का प्रस्ताव दिया
- निवेशक यहां चिकित्सा, कृषि उपकरण, पीवीसी पाइप, फर्नीचर बनाना चाहते हैं
- यीडा क्षेत्र में कुल 1,942 निवेशक 17,272.74 करोड़ रुपये की लागत से अपनी इकाइयां स्थापित कर रहे हैं
- इससे 2,65,718 लोगों को रोजगार मिलेगा